Ans. (c) – प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के दौरान राजस्थान के जयपुर में राजनीतिक एजेन्ट 'विलियम एडेन' थे, न कि मेजर लारेंस। अतः विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है। 1857 के क्रांति का मुख्य केन्द्र कानपुर, लखनऊ, बरेली, झांसी, ग्वालियर आदि था। राजस्थान ने भी इस क्रांति में सक्रिय भागीदारी की थी।

541. 1857 की क्रांति के समय भरतपुर रियासत में ब्रिटिश पॉलिटिकल एजेन्ट कौन था?

(a) शावर्स (b) मॉरिसन
(c) बर्टन (d) मेसन

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (b) – मॉरिसन भरतपुर रियासत का ब्रिटिश राजनीतिक एजेन्ट था। खेरवाड़ा और ब्यावर छावनी ने 1857 ई. के विद्रोह में भाग नहीं लिया।

542. उन महाराणा का क्या नाम था जो केसरीसिंह बारहठ की ''चेतावनी रा चुंगटिया'' से इस कदर प्रभावित हो गए थे कि उन्होंने दिल्ली दरबार के लिए अपनी यात्रा रद्द कर दी?

(a) महाराणा फतहसिंह (b) महाराणा प्रतापसिंह
(c) महाराणा श्यामसिंह (d) महाराणा जयसिंह

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (a) : केसरी सिंह बारहट की ''चेतावनी रा चुंगटिया'' से प्रभावित होकर उदयपुर के महाराणा फतेह सिंह ने वर्ष 1903 में आयोजित दिल्ली दरबार में भाग नहीं लिया। केसरी सिंह बारहठ शाहपुरा रियासत में पैदा हुए थे। साधू प्यारे राम हत्याकाण्ड में उन्हें 20 वर्ष की सजा हुई। उन्हें कोटा राज्य की जेल में रखने के बाद हजारी बाग, बिहार भेज दिया गया।

543.निम्नलिखित में से कौनसा स्थल राजस्थान में 1857 की क्रान्ति का केंद्र नहीं था?

(a) अजमेर (b) जयपुर
(c) नीमच (d) आऊवा

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – राजस्थान में 1857 की क्रांति के केंद्र थे – अजमेर के केंद्रीय कारागार में विद्रोह (9 अगस्त, 1857), आउवा में जनविद्रोह (अगस्त, 1857), कोटा राज्य में (15 अक्टूबर, 1857) आदि। नसीराबाद, नीमच, देवली एवं एरिनपुरा में स्थित सैनिक छावनियों ने 1857 के विद्रोह में भाग लिया जबकि ब्यावर तथा खेरवाड़ा सैनिक छावनियों ने भाग नहीं लिया था।

(vi) राजस्थान में स्वतंत्रता आंदोलन एवं जनजागरण (प्रजामण्डल, किसान एवं जनजातीय आंदोलन)

544. किसके नेतृत्व में, 25 अप्रैल, 1934, को कटराथल में आयोजित विशाल महिला सम्मेलन में हजारों महिलाओं ने भाग लिया?

(a) रमा देवी (b) उत्तमा देवी
(c) किशोरी देवी (d) दुर्गा देवी

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) : किशोरी देवी के नेतृत्व में 25 अप्रैल, 1934 ई. को कटराथल में आयोजित विशाल महिला सम्मेलन में हजारों महिलाओं ने भाग लिया। किशोरी देवी स्वतंत्रता सेनानी सरदार हरलाल सिंह खर्रा की पत्नी थी। जागीर प्रथा के विरोध में इन्होंने किसान आन्दोलन को नेतृत्व प्रदान किया। राजस्थान में ब्रिटिश शासकों एवं सामंतों द्वारा कृषकों आर्थिक शोषण लगान तथा बेगार के माध्यम से किया जा रहा है।

545. भरतपुर राज्य के स्वतंत्रता आंदोलन में निम्न में से कौन एक नेता थे?

(a) टीकाराम पालीवाल (b) किशन लाल जोशी
(c) मंगलसिंह शर्मा (d) शोभा राम

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : किशन लाल जोशी, भरतपुर राज्य के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेता थे। इनके प्रयासों से वर्ष 1938 में भरतपुर प्रजामण्डल की स्थापना की गयी। वर्ष 1939 में इसका नाम बदलकर भरतपुर प्रजा परिषद कर दिया गया।

546. जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में 'अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद' का सातवां अधिवेशन कहाँ आयोजित हुआ था?

(a) उदयपुर (b) जयपुर
(c) जोधपुर (d) अजमेर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (a) : जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में 'अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद्' का सातवां अधिवेशन उदयपुर में आयोजित हुआ था। देशी राज्यों की जनता को एक सूत्र में बांधकर उनके आंदोलनों को समन्वित रूप देकर शासकों के तत्वाधान में 'उत्तरदायी शासन' की स्थापना के लिए बहादुर रामचन्द्र राव की अध्यक्षता में 1927 ई. में बम्बई में इस परिषद् की स्थापना की गयी।

547. किसके नेतृत्व में, शेखावाटी किसान आंदोलन में 10,000 से अधिक जाट महिलाओं ने भाग लिया?

(a) उत्तमा देवी (b) किशोरी देवी
(c) रामदेवी (d) दुर्गादेवी शर्मा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (b) : सीकर की जाट महिलाओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार का विरोध करने के लिए 25 अप्रैल, 1934 क़ो कटराथल नामक स्थान पर श्रीमती किशोरी देवी के के नेतृत्व में एक विशाल महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 10000 जाट महिलाओं ने भाग लिया। सम्मेलन में भाग लेने वाली प्रमुख महिलाएँ थी-श्रीमती दुर्गा देवी शर्मा, श्रीमती फूलां देवी, श्रीमती रमा देवी आदि। ठाकुर देशराज की पत्नी श्रीमती उत्तमा देवी के ओजस्वी भाषण ने महिलाओं में साहस और निर्भयता का संचार किया।

548. 'मेवाड़ की पुकार' 21 सूत्रीय मांगपत्र का सम्बन्ध किससे था?

(a) साधु सीताराम दास (b) विजय सिंह पथिक
(c) मोतीलाल तेजावत (d) माणिक्य लाल वर्मा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D